उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 17.06.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 17.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी, टोलीवार निरीक्षण एवं ड्रिल करायी गयी, रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया गया, दिए गए आवश्यक निर्देश...।

"नव संकल्प, नई शुरुआत"

आज दिनांक 17.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गई। परेड उपरांत टोलीवार निरीक्षण एवं अनुशासन हेतु टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों की शारीरिक व मानसिक दृढ़ता के लिए दौड़ भी आयोजित की गई।

परेड के बाद अर्दली रूम कार्यवाही के दौरान गार्द रजिस्टरों की जांच की गई तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में जेटीसी प्रशिक्षण हेतु जनपद क्रमशः रायबरेली, भदोही एवं जौनपुर से जनपद महोबा आ रहे रिक्रूट आरक्षियों के ठहराव एवं बैरकों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों की सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय एवं भोजन संबंधी सुविधाओं की स्थिति देखी गई। इस दौरान रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई एवं महोबा आगमन पर उनका स्वागत किया गया।

गौरतलब है कि रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु पुलिस लाइन में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। रिक्रूटों के खानपान हेतु 02 अतिरिक्त मेस संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही रेलवे स्टेशन से पुलिस लाइन तक सुरक्षित आवागमन हेतु वाहनों की व्यवस्था की गई है, प्रत्येक वाहन में सुरक्षा के लिए 01 उपनिरीक्षक व 02 आरक्षियों की ड्यूटी लगाई गई है।







